# SY-7005

Reg. No. : ....................................

Name : ..........................................

**SECOND YEAR HIGHER SECONDARY SECOND TERMINAL EXAMINATION, DECEMBER 2025**

Part – II

**HINDI**

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

Maximum : 80 Scores

*सामान्य निर्देश :*

- प्रश्न वाचन के लिए **15** मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**सूचना** : 1 से **5** तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें : **(5 × 1 = 5)**

1. सातवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन कहाँ हुआ था ?

   (मॉरिशस में, सूरीनाम में, फिजी में)

2. 'दोस्ती' किस विधा की रचना है ?

   (भाषण, कहानी, फिल्मी गीत)

3. कैदी बाप को किसने खत भेजा ?

   (पत्नी ने, बेटी ने, मित्र ने)

4. सपना देखनेवाली किसकी सुरक्षा में सो रही थी ?

(मसहरी की, धन की, बंगले की)

5. 'कुमार' किस पाठ का पात्र है ?

(बेटी के नाम, मुरकी उर्फ बुलाकी, सूरीनाम में पहला दिन)

**सूचना : 6 से 8 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें :** **(2 × 2 = 4)**

6. सार्थक वाक्य में बदलें ।

दिल्लीवालेमुझकोरोतेहोंगे ।

7. रजिस्ट्री के पहले पिताजी को खेत देखने की इच्छा हुई, क्यों ?

8. प्रश्नवाचक शब्दों की सहायता से दो प्रश्न बनाएँ ।

मुरकी सुंदर पहाड़ी गीत गाती थी ।

(कौन, क्या)

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 9 से 11 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :**

इक कमरेवाली झोंपड़ी में
बच्चों के सो जाने पर
मैं अपनी मन-दीवार पर
अपना विस्तृत घर खींचने लगी ।

खाने-पीने-सोने के
अलग-अलग कमरे,
रसोई यदि बैठक के
निकट रखती तो
पूजा का कमरा कहाँ होगा ?

9. इस कवितांश के कवि कौन हैं ? (1)

10. सपने के घर में किन-किन के लिए अलग-अलग कमरे हैं ? (2)

11. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । (6)

**सूचना : 12 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें :** **(3 × 4 = 12)**

12. जीवन-वृत्त पढ़ें और मैथिलीशरण गुप्त के बारे में एक अनुच्छेद लिखें ।

| जीवन-वृत्त | | |
|---|---|---|
| नाम | : | मैथिलीशरण गुप्त |
| जन्म | : | 1885 |
| जन्म-स्थान | : | चिरगाँव, उत्तरप्रदेश |
| प्रमुख रचनाएँ | : | साकेत, पंचवटी, यशोधरा |
| पुरस्कार | : | पद्मभूषण, 1954 |
| मृत्यु | : | 1965 |

13. हाइकू पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

जिन्हें न होता
दर्द का अहसास
आँसू ओस हैं ।

14. ये कथन पढ़ें और राजवंती के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

- री मुरकी ! किसके कानों में पड़ेगी और किसकी नाक में बुलाक की तरह चमकेगी ?
- मेरे जीते जी कभी कोई तुझसे यह चाबी नहीं छीनेगा ।

15. लोगों को आते हैं

दो नज़र हम मगर

देखो दो नहीं

दोस्ती के महत्त्व के बारे में टिप्पणी लिखें ।

16. पदों को जोड़कर वाक्य-पल्लवन करें ।

| दीदी भावुक हो गई थी और रो पड़ती थी । |
|---|

| | बहुत |
|---|---|

| | बात-बात में |
|---|---|

**सूचना :** गद्यांश पढ़ें, प्रश्न **17** और **18** के उत्तर लिखें ।

आज हम दुर्भाग्य के एक युग का अंत कर रहे हैं और भारत पुनः खुद को खोज पा रहा है । आज हम जिस उपलब्धि का उत्सव मना रहे हैं, वह महज़ एक कदम है, नए अवसरों के खुलने का । इससे भी बड़ी विजय और उपलब्धियाँ हमारी प्रतीक्षा कर रही हैं । क्या हममें इतनी शक्ति और बुद्धिमत्ता है कि हम इस अवसर को समझें और भविष्य की चुनौतियों को स्वीकार करें ?

17. हम किस उपलब्धि का उत्सव मना रहे हैं ? **(2)**

18. गद्यांश का संक्षेपण करें । **(6)**

सूचना : 19 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें । (3 × 6 = 18)

19. अंग्रेज़ी खंड पढ़ें और हिंदी में अनुवाद करें ।

Mohanlal is a famous Indian actor. He has acted in hundreds of films. He can play all kinds of roles. People call him 'The Complete Actor'. He has won many awards for his great works.

[famous – प्रसिद्ध, actor – अभिनेता, roles – भूमिकाएँ, The Complete Actor – संपूर्ण अभिनेता]

20. नवंबर 14 बाल दिवस है । इस अवसर पर आपके स्कूल में 'चाचाजी और बच्चे' विषय पर फोटो प्रदर्शिनी का आयोजन हो रहा है । इसके लिए एक उचित पोस्टर तैयार करें ।

21. पद पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

सुतमुख देखि जसोदा फूली ।<br>
हरषित देखि दूध की दँतियाँ प्रेम मगन तनु की सुधि भूली ।।<br>
बाहिर ते तब नंद बुलाए देखौ थौं सुंदर सुखदाई ।<br>
तनक तनक सी दूध की दँतियाँ देखौ नैन सुफल करो आई ।।<br>
आनंद सहित महर तब आए मुख चितवन दोउ नैन अघाई ।<br>
'सूर' स्याम किलकत दृविज देख्यो मनो कमल पर बीजु जमाई ।।

22. बेटी की शादी के लिए ज़मीन बेचने में विवश पिता अपना संघर्ष डायरी में लिखता है । वह डायरी लिखें ।

- बेटी की शादी की तैयारियाँ
- ज़मीन बेचने की विवशता
- बेटी और ज़मीन की विदाई

सूचना : 23 से 26 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें : (3 × 8 = 24)

23. विश्व हिंदी सम्मेलन में भाग लेकर लेखक भारत लौट आये । वहाँ के अनुभव वे अपने मित्र से बाँटते हैं । वह बातचीत लिखें ।

- सूरीनामी शहर
- प्रेसीडेंट का भाषण
- सम्मेलन का अनुभव
- हिन्दी का प्रचार

24. 'सूर्या' कंपनी की ओर से नया वॉटर हीटर (Water Heater) बाज़ार में आया है । इसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

- बिजली (electric) और सूर्यताप (solar) से चालू
- 2 वर्ष की गैरंटी
- विभिन्न आकार में
- 10% बट्टा (Discount)

25. पति द्वारा उपेक्षित मुरकी राजवंती के घर पहुँचती है । वह अपने मन का दुःख व्यक्त करते हुए सहेली को पत्र लिखती है । वह पत्र लिखें ।

- पति द्वारा उपेक्षित होना
- दयालु व्यक्ति से सहायता पाना
- राजवंती के घर की चाबी देना
- जीवन भर का सहारा पाना

26. हिंदी और अंग्रेज़ी के आठ सही पारिभाषिक शब्द-जोड़े लिखें ।

| | |
|---|---|
| Ultraviolet | परमाणु |
| प्रतिशत | Commerce |
| Certificate | विकिरण |
| पराबैंगनी | Atom |
| Blood Pressure | प्रमाणपत्र |
| वाणिज्य | Percent |
| Economics | रक्त चाप |
| अर्थशास्त्र | Radiation |